# दो तहसीलदारों पर लगा अर्थदंड

- कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने दिखाई सख्ती
- लापरवाही करने पर डीईओ को भी लगाई फटकार

**नवभारत न्यूज,**
**टीकमगढ़, 10 जून. अलग अंदाज में काम करने वाले कलेक्टर अब तक तो सिर्फ विकास कार्यों को लेकर चर्चा में आए थे, लेकिन इस बार उन्होंने उनके अधिनस्थों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. कलेक्टर ने जहां एक ओर जिला शिक्षा अधिकारी को लापरवाही करने पर डांट-फटकार लगाई, तो वहीं दूसरी ओर राजस्व विभाग में सीमांकन के मामलों में लापरवाही करने वाले दो तहसीलदारों पर अर्थदंड की कार्यवाही को अंजाम दिया.**

दरअसल बीते दिनों जिला शिक्षा विभाग के सेवा नृत्व शिक्षकों स्वत्वों के एक साथ निराकरण करने के उद्देश्य से एक नवाचार उनके द्वारा किया गया था. कलेक्टर के द्वारा जिले के चारों विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्तर पर 9 जून को एक निवारण शिविर आयोजित किए जाने के निर्देश थे, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी ने इस शिविर को कहां और कैसे संचालित होना है, इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की थी, इतना ही नहीं लोग सिर्फ विज्ञप्ति के आधार पर मंगलवार के दिन जिला संयुक्त कार्यालय में शिविर का स्थान ढूंढने नजर आए. इसकी जानकारी स्वयं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को भी नहीं थी कि कहां कार्यक्रम आयोजित होना है. जिला शिक्षा अधिकारी हनुमंत सिंह चौहान की लापरवाही के कारण कई हितग्राही शिविर का लाभ नहीं उठा पाए. इसलिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने पूरी फाईल के साथ जिला शिक्षा अधिकारी हनुमत सिंह को जन सुनवाई में बुलवाया और सबके सामने जमकर फटकार लगाई. इस दृश्य को देख कलेक्टर की लोगों खूब प्रशंसा की.

इतना ही नहीं उन्होंने शिक्षा विभाग ही नहीं, बल्कि राजस्व विभाग में लापरवाही करने वाले दो तहसीलदारों को भी अर्थदंड से दंडित किया है. इनमें जतारा के प्रभारी तहसीलदार नितिन गौंड एवं खरगापुर के प्रभारी तहसीलदार सत्यप्रकाश शुक्ला का नाम शामिल है. इन दोनों पर अलग-अलग राशि का अर्थदंड लगाया गया है. इन्होंने समयावधि में सीमांकन प्रकरणों का निराकरण नहीं किया था.

### सीमांकन के मामलों का नहीं हुआ था निराकरण

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने अपने जारी आदेश में बताया है कि मप्र लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम अंतर्गत समय सीमा में सेवाएं प्रदाय नहीं किए जाने के मामलों में गंभीरता से लेते हुए उन्होंने दो तहसीलदारों को अर्थदंड से अधिरोपित किया है. इसमें जतारा के तहसीलदार नितिन गौंड पर 7500 रुपए एवं खरगापुर के प्रभारी तहसीदार सत्यप्रकाश शुक्ला पर 5 हजार रुपए की राशि का एक मुस्त अर्थदंड की कार्यवाही को अंजाम दिया गया है. कलेक्टर ने यह साफ किया है कि कार्यों में लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी, चाहे वह कोई भी हो.

## एसपी ने किया थाने का औचक निरीक्षण

**अहमदपुर.** एसपी श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना ने बीती रात थाने का औचक निरीक्षण कर थाना व्यवस्थाओं, अपराध नियंत्रण की स्थिति तथा लंबित मामलों की समीक्षा की. उन्होंने अभिलेखों के संधारण, महिला अपराधों से संबंधित प्रकरणों, हवालात, मालखाना एवं शस्त्रागार का गहन परीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए. इस अवसर पर एसडीओपी सुश्री पूजा शर्मा एवं थाना प्रभारी रमन सिंह भी उपस्थित थे. एसपी श्रीमती सक्सेना ने मालखाने में जप्तशुदा सामग्री एवं महत्वपूर्ण दस्तावेजों के रख-रखाव का निरीक्षण करते हुए उनके सुव्यवस्थित संधारण एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए. साथ ही हवालात की सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था एवं आरक्षक मददगार कक्ष की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया. एसपी सोनाक्षी सक्सेना के नेतृत्व में थाना अहमदपुर पुलिस बल ने कस्बे के प्रमुख मार्गों एवं बाजार क्षेत्र में पैदल भ्रमण किया. इस दौरान आमजन से संवाद कर सुरक्षा का संदेश दिया गया.

# धार्मिक स्थलों पर बढ़ती वाहन चोरियां

- मंदिरों की सुरक्षा, सीसीटीवी व्यवस्था की उठी मांग
- श्रद्धालुओं में चिंता, व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 10 जून, नगर में धार्मिक स्थलों के आसपास लगातार हो रही वाहन चोरियों ने श्रद्धालुओं और धर्मप्रेमियों की चिंता बढ़ा दी है. हाल ही में वार्ड क्रमांक 12 स्थित जैन मंदिर के पास से एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई. इससे पहले वार्ड क्रमांक 1 के चंद्रप्रभु जिनालय के समीप से भी एक मोटरसाइकिल चोरी हो चुकी है. रेलवे स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर के पास से भी वाहन चोरी की घटना सामने आ चुकी है, जबकि मां शीतला शक्ति धाम परिसर से एक ऑटो रिक्शा चोरी हो गया था.**

स्थानीय लोगों का कहना है कि चोर धार्मिक स्थलों के आसपास सक्रिय रहते हैं और श्रद्धालुओं के पूजा-अर्चना में व्यस्त रहने का फायदा उठाकर वारदातों को अंजाम देते हैं. नगर के विभिन्न मंदिरों से वाहन चोरी की घटनाओं के अलावा करीब 15 मंदिरों में चोरी की वारदातें भी हो चुकी हैं.नागरिकों ने मंदिर प्रबंधन समितियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं. उनका कहना है कि मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी मात्रा में चढ़ावा और दान दिया जाता है, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था के लिए चौकीदार नियुक्त किए जाने और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए. इससे चोरी और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सकता है.

धर्मप्रेमियों ने यह भी मांग उठाई है कि मंदिरों, धार्मिक स्थलों और श्मशान घाटों में प्राप्त दान राशि का नियमित लेखा-जोखा सार्वजनिक किया जाए. उनका कहना है कि धार्मिक संस्थाओं की आय और खर्च का विवरण समय-समय पर समाज के सामने रखा जाना चाहिए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और श्रद्धालुओं का विश्वास मजबूत हो.स्थानीय नागरिकों का मानना है कि धार्मिक संगठनों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और मंदिर प्रबंधन समितियों को मिलकर धार्मिक स्थलों की सुरक्षा, स्वच्छता, अतिक्रमण हटाने और बेहतर प्रबंधन की दिशा में ठोस पहल करनी चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं को सुविधाजनक और सुरक्षित वातावरण मिल सके.

### सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर सामूहिक पहल की जरुरत

नगर के धार्मिक स्थलों पर लगातार हो रही चोरी की घटनाएं चिंता का विषय बनती जा रही हैं. मंदिरों और धार्मिक परिसरों की सुरक्षा केवल प्रबंधन समितियों की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है. श्रद्धालुओं का मानना है कि मंदिरों की सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवस्थाओं को लेकर समय-समय पर समीक्षा और आवश्यक सुधार किए जाने चाहिए .धार्मिक स्थलों के आसपास बढ़ते अतिक्रमण भी बड़ी समस्या बनते जा रहे हैं.

# बिना हस्ताक्षर के महिला के खाते से साफ हुई रकम

- ग्रामीण बैंक में हुई फर्जी निकासी

**पडाना 10 जून, सं. क्षेत्र के ग्राम मऊ स्थित मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा में इन दिनों खाताधारकों के खातों से बिना जानकारी और बिना हस्ताक्षर के राशि कटने के मामले सामने आ रहे हैं. बैंक की इस लचर कार्यप्रणाली से खाताधारक बेहद परेशान हैं.**

ऐसा ही एक ताजा मामला समीपस्थ ग्राम मऊ की निवासी महिला सीमा बाई पति राधेश्याम राजपूत के साथ सामने आया है. जिनके खाते से अज्ञात तरीके से राशि पार कर दी गई.

### न कोई मैसेज आया, न किए हस्ताक्षर

पीड़ित महिला सीमा बाई ने बैंक प्रबंधक को एक लिखित आवेदन सौंपकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है कि उनके बैंक खाते से पिछले माह 1,000 रुपये की राशि काट ली गई. इससे पूर्व अप्रैल माह में भी उनके खाते से 400 रुपये की कटौती की गई थी. खाते से कुल 1,400 रुपये बिना किसी सूचना के निकाल लिए गए.

## श्रमिकों के बुढ़ापे का सहारा बनी मानधन योजना

**छतरपुर.** असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है.कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में विभिन्न जनपदों में शिविर आयोजित कर पात्र श्रमिकों का पंजीयन कराया जा रहा है और उन्हें योजना के लाभों की जानकारी दी जा रही है. अभियान के तहत नौगांव जनपद की ग्राम पंचायत रानीपुरा, तिदनी, अमा और गुरसारी सहित बड़ामलहरा जनपद के सिमरिया एवं बमनीघाट तथा गौरिहार जनपद में विशेष शिविर लगाए गए.

# नियमों को ताक पर रखकर दिए जा रहे टेंडर

**अशोकनगर, 10 जून. नगर पालिका परिषद अशोकनगर में व्याप्त वित्तीय अनियमितताओं और मनमानी को लेकर विपक्ष ने मोर्चा खोल दिया है. कांग्रेस और नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष रीतेश जैन आजाद ने बुधवार को रेस्टहाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं.**

इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा दल के नपा अध्यक्ष और प्रभारी सीएमओ की जुगलबंदी ने नगर पालिका को एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनाकर रख दिया है और अपने मनमुताबिक कार्य कर रहे है, जहां पहले कार्य हो जाते है और उसके बाद टैंडर निकाले जाते है. यह टैंडर भी अपनी पंसदीता फार्मो को दिये जाते है. प्रेसवार्ता के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने दस्तावेज दिखाते हुए आरोप लगाया कि नियमों के विपरीत सिंगल टेंडर पर ही काम आवंटित किए जा रहे हैं. सबसे चौंकाने वाला मामला यह सामने आया है कि टेंडर खुलने से पहले ही ठेकेदारों द्वारा काम पूरे कर लिए गए.

### इनका कहना है

कांग्रेस पार्षद द्वारा जो आरोप लगाए है वह अज्ञानतावंश लगाए है, जो कि निराधारा, विसर्जन कुंड का टैंडर पिछले वर्ष हुआ था. वहीं जो पानी के टैंकर खरीदे गए है, उसकी सारी ऑनलाइन प्रक्रिया है.

**विनोद उन्नीतान,** सीएमओ नगरपालिका अशोकनगर

# कलेक्ट्रेट में वेतन और स्कूल की मांग को लेकर प्रदर्शन

- आशा और सुपरवाइजरों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**अशोकनगर, 10 जून. आशा एवं सुपरवाइजर कार्यकर्ता महासंघ द्वारा अपनी लंबित मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट गेट के सामने करीब 5 घंटे तक धरना-प्रदर्शन किया गया.**

भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष हरि सिंह रघुवंशी (हैरी) के नेतृत्व और महासंघ की प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा पटेल की उपस्थिति में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने एक रैली निकाली. इसके पश्चात मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के प्रतिनिधि को 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया, जिसका वाचन पूजा पटेल ने किया. ज्ञापन में मुख्य रूप से 6 सितंबर 2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को याद दिलाया गया, जिसमें प्रत्येक आशा कार्यकर्ता और सुपरवाइजर के मानदेय में प्रतिवर्ष 1000 की वृद्धि शामिल थी, जो आज तक लागू नहीं हुई है. वर्तमान में केंद्र, राज्य और एनएचएम द्वारा अलग-अलग किस्तों में मिलने वाली राशि कई महीनों तक रुकी रहती है.

# रांग साइड आए टैंकर से बुझा इकलौता चिराग

- हादसे के बाद ट्रैक्टर छोड़कर चालक हुआ फरार
- आक्रोशित लोगों ने ट्रैक्टर में आग लगाने का किया प्रयास

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 10 जून. बीती रात पुराने स्टेट हाईवे पर गलत दिशा से आ रहे पानी के टैंकर ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया. इस हादसे में एक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर घायल हो गया.**

घटना के बाद टैंकर का चालक मौके से भाग निकला. आक्रोशित लोगों की भीड़ ने ट्रैक्टर- टैंकर में तोड़फोड़ की और आग लगाने का प्रयास किया. पुलिस ने आरोपी टैंकर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है.

शहर में अंधाधुंध रफ्तार से दौड़ते वाहन निर्दोष लोगों के लिए काल साबित हो रहे हैं.बड़े वाहनों से लेकर दुपहिया वाहनों की धमाचौकड़ी से हादसों में लगातार इजाफा हो रहा है. इसके बाद भी जिम्मेदार विभाग द्वारा आवश्यक कदम नहीं उठाए जा रहे हैं.

ऐसे ही एक मामले में बीती रात पुराने स्टेट हाईवे पर डीमार्ट के सामने लोमहर्षक सड़क हादसे ने गरीब के घर का इकलौता चिराग बुझा दिया. जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली अंतर्गत सिपाहीपुरा निवासी रफीक मियां परचून की दुकान चलाकर अपने परिवार की परवरिश करते हैं. उनका इकलौता 16 वर्षीय पुत्र माहद बीती रात अपने दोस्त आकिब आ. बब्बू खां के साथ बाइक से चाय पीने मगसपुरा की एक होटल पर गए थे.

# साढ़े 3 किलोग्राम गांजा जप्त एक तस्कर गिरफ्तार

- बाइक से तस्करी कर रहा था आरोपी

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 10 जून, का. सिटी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 3.676 किलोग्राम अवैध गांजा जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. बुधवार को थाना ब्यावरा शहर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सुठालिया बायपास ब्रिज के आगे गुना-ब्यावरा रोड पर अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर बिक्री करने की फिराक में खड़ा है.** सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान के निर्देशन में उप निरीक्षक मनमोहन सिंह भील के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई.

पुलिस टीम को देखकर संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, किन्तु पुलिस की तत्परता एवं सतर्कता से उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया. पूछताछ में उसने अपना नाम मुकेश यादव पिता रामसिंह यादव, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम मोया, थाना ब्यावरा देहात, जिला राजगढ़ बताया.

# झूठ बोलकर शादी की, दूसरी बीवी पहुंची हाईकोर्ट

- हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया
- 12 साल बाद मिला महिला को न्याय

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा, 10 जून. एक आदमी को झूठ बोलकर दूसरी शादी करने और दूसरी पत्नि को परेशान करने के मामले में हाईकोर्ट ने भरण पोषण देने का आदेश दिया है. महिला पिछले 12 साल से न्याय के लिए भटक रही थी. जब महिला ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया तब जाकर उसे न्याय मिला.**

इंदौर उच्च न्यायालय खंडपीठ ने बुधवार को ब्यावरा निवासी सीमा बाई को 12 साल के कानूनी संघर्ष के बाद राहत प्रदान की है. न्यायालय ने उनके पति बसंतीलाल को आदेश दिया है कि वह अपनी पत्नी सीमा बाई और बेटे राहुल को 5-5 हजार रुपए प्रतिमाह भरण-पोषण राशि का भुगतान करे. यह राशि 27 अप्रैल 2014 से देय होगी. एडवोकेट जितेंद्र जोशी और उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के अधिवक्ता अनिरुद्ध सक्सेना के अनुसार, ग्राम धानियाखेड़ी निवासी सीमा बाई का विवाह लगभग 20 वर्ष पहले जामनेर निवासी सरकारी शिक्षक बसंतीलाल से हुआ था. आरोप है कि बसंतीलाल ने अपनी पहली पत्नी कृष्णाबाई के बारे में जानकारी छिपाकर 2007 में सीमा बाई से विवाह किया था.

### निचली अदालत ने पहले खारिज किया था दावा

निचली अदालत ने विवाह का पर्याप्त प्रमाण नहीं होने का हवाला देते हुए सीमा बाई का भरण-पोषण का दावा खारिज कर दिया था. हालांकि, उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि भरण-पोषण के मामलों में विवाह सिद्ध करने के लिए कठोर तकनीकी प्रमाण आवश्यक नहीं हैं. न्यायालय ने कहा कि यदि पुरुष और महिला लंबे समय तक पति-पत्नी की तरह साथ रहे हैं, तो इसे विवाह का मजबूत संकेत माना जा सकता है.

# बुजुर्ग दंपति हत्याकांड के आरोपियों को भेजा जेल

**टीकमगढ़, 10 जून. दिगौड़ा थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में हुए सनसनीखेज बुजुर्ग दंपति हत्याकांड की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है. मंगलवार को पुलिस ने हत्या में शामिल पांच में से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया हैए जबकि एक आरोपी अभी भी फरार है. यह पूरी वारदात महज जमीन हथियाने के लालच में सगे चचेरे भाइयों ने अंजाम दी थी.**

जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि रामनगर निवासी चैनू घोष 65 और उनकी पत्नी पाना बाई घोष 63 वर्ष अपने ही खेत पर मकान बनाकर रह रहे थे. शनिवार रात को जब बुजुर्ग दंपति खेत पर सो रहे थेए तभी आरोपियों ने उन पर कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से हमला कर दोनों की हत्या कर दी.वारदात को छुपाने के उद्देश्य से आरोपियों ने दोनों के शवों को घसीटकर सड़क किनारे एक खेत की मेढ़ पर फेंक दिया था. पुलिस की जांच में पता चला कि जिस जमीन को लेकर इस दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया वह मृतका पाना बाई घोष को उनके पिता से मायके में मिली थी.

# बीआरसी को निरीक्षण में मिलीं शालाएं बंद

**नवभारत न्यूज**
**पलेरा, 10 जून. शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार बीआरसी पुष्पेंद्र कुमार पाठक ने 9 जून को नियमित निरीक्षण के दौरान माध्यमिक शाला वन्नेबुजर्ग, प्राथमिक शाला वन्नेबुजर्ग, माध्यमिक शाला दांतगोरा, हरिजन बस्ती दांतगोरा, माध्यमिक विद्यालय पुरेनियां एवं शप्राथमिक शाला ढ़िमरोला पुरेनिया, प्राथमिक शाला सिद्ध नगर चरी, प्राथमिक शाला मगरई समेत माध्यमिक शाला पाली का निरीक्षण किया.**

पाठक ने बताया कि इन विद्यालयों में प्राथमिक शाला सिद्ध नगर चरी एवं प्राथमिक शाला मगरई बंद पाए गए. इसके अलावा शेष सभी विद्यालय संचालित मिले.

उन्होंने बताया कि माध्यमिक शाला वन्नेबुजर्ग में शिक्षक लोकेंद्र सिंह राय एवं माध्यमिक शाला पाली में शिक्षिका पूजा तोमर अनुपस्थित पाई गई. शिक्षकों एवं बंद शाला के स्टाफ को नोटिस जारी किया.

## 15 दिन तक झाड़-फूंक में उलझे परिजन

**छतरपुर.** आधुनिक चिकित्सा के दौर में भी अंधविश्वास किस तरह लोगों की जान पर भारी पड़ सकता है, इसका एक चिंताजनक मामला जिले के बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम सूरजपुर से सामने आया है. यहां 18 वर्षीय सीमा सिंह की तबीयत बिगड़ने के बाद परिजन उसे अस्पताल ले जाने के बजाय तंत्र-मंत्र और झाड़-फूंक के सहारे ठीक करने में जुटे रहे.नतीजा यह हुआ कि मामूली बीमारी से शुरू हुई परेशानी धीरे-धीरे गंभीर स्थिति में पहुंच गई. परिवार उसे लेकर गुलगंज की ओर जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई.

# हैंड पंप उगल रहा लाल पानी

## नल-जल योजना से भी वंचित ग्रामीण

**गुना. बमौरी विधानसभा की ग्राम पंचायत अगरा के ग्राम सारतला में इन दिनों पेयजल का भारी संकट खड़ा हो गया है. यहां शासकीय योजना के तहत लगा हैंडपंप पिछले कुछ समय से दूषित और लाल पानी उगल रहा है, जिससे ग्रामीणों के सामने पीने के पानी की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है.**

ग्रामीणों ने बताया कि करीब 4 साल पहले यहां एक शासकीय हैंडपंप लगाया गया था, जिसकी गहराई लगभग 500 फीट है. हाल ही में ग्राम पंचायत द्वारा ग्रामीणों की सुविधा के लिए इस हैंडपंप में मोटर भी डलवाई गई थी, ताकि पानी आसानी से मिल सके. लेकिन पीएचई विभाग द्वारा ट्यूबवैल की उचित सफाई और फ्लशिंग न किए जाने के कारण मोटर चालू करते ही उसमें से अत्यधिक लाल और दूषित पानी आ रहा है, जो योग्य बिल्कुल नहीं है. शासकीय जल स्रोत ठप होने के कारण फिलहाल ग्रामीणों को पानी के लिए गांव में ही रहने वाले कैलाश भिलाला के निजी ट्यूबवैल पर निर्भर होना पड़ रहा है. लेकिन यहां भी मुश्किलें कम नहीं हैं; क्षेत्र में बिजली मिलने का कोई निश्चित समय नहीं है.

ग्रामीणों को पानी तभी मिल पाता है जब बिजली आती है. बिजली गुल रहने की स्थिति में ग्रामीणों को पानी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है या फिर दूर-दराज के इलाकों में भटकना पड़ता है. ग्रामीणों में इस बात को लेकर भी भारी आक्रोश है कि गांव के पास से होकर अन्य दूसरे गांवों के लिए नल-जल योजना की लाइनें निकल चुकी हैं, संबंधित विभाग से मांग की है कि दूषित पानी उगल रहे इस हैंडपंप की समस्या का स्थाई समाधान किया जाए और गांव में एक नया शासकीय ट्यूबवैल खनन कराया जाए.

**लोन एप की ईएमआई** | पुलिस ने किया एक अंतर्राज्यीय साइबर ब्लैकमेलिंग गिरोह का पर्दाफाश

# वायरल की धमकी देकर ग्राहकों को लूट रहा रिकवरी गैंग

**राजगढ़ 10 जून. थाना कोतवाली राजगढ़ पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय साइबर ब्लैकमेलिंग गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 04 आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है. 02 जून को एक आवेदक द्वारा थाना कोतवाली राजगढ़ में शिकायत प्रस्तुत की गई थी कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर फर्जी लोन रिकवरी के नाम पर उसे भयभीत एवं प्रताड़ित किया जा रहा है.**

आरोपियों द्वारा आवेदक की फोटो का दुरुपयोग कर अश्लील एवं आपत्तिजनक सामग्री तैयार कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने तथा उसके परिचितों एवं रिश्तेदारों को भेजने की धमकी दी गई. आरोपियों के दबाव एवं भय के कारण आवेदक ने विभिन्न यूपीआई खातों में कुल 28 हजार की राशि स्थानांतरित कर दी. शिकायत की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई.

### चार आरोपी गिरफ्तार

पुलिस टीम द्वारा त्वरित एवं सुनियोजित कार्रवाई करते हुए निम्न आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. इनमें उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के 4 आरोपियों में मोहम्मद आकीब खान (22 वर्ष) निवासी जिला अमेठी (उ.प्र.), इस्माइल (28 वर्ष) निवासी जिला अमेठी (उ.प्र.), मोहम्मद इल्तिफात (28 वर्ष) निवासी जिला अमेठी (उ.प्र.), अरमान हुसैन निवासी जिला अमेठी (उ.प्र.) शामिल है. गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है.

# गुणवत्ता पर सवाल : एक माह पहले बनी सड़क में आईं दरारें

**नवभारत न्यूज**
**चंदला, 10 जून. गौरीहार जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत घूर में हाल ही में कराया गया सीसी रोड सह नाली निर्माण कार्य गुणवत्ता को लेकर सवालों के घेरे में आ गया है.**

ग्रामीणों के अनुसार प्रमोद विंदुआ के मकान से बरदानी साहू के मकान तक लगभग 200 मीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण एक माह पहले कराया गया था, लेकिन सड़क में जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं और निर्माण में उपयोग किया गया मसाला भी उखड़ने लगा है.ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की मोटाई निर्धारित 8 इंच के बजाय लगभग 3 से 4 इंच ही रखी गई, जिससे सड़क कमजोर साबित हो रही है.वहीं नाली निर्माण कार्य भी नाम मात्र के लिए कराया गया है.ग्रामीणों ने सरपंच-सचिव पर निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप लगाते हुए जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है.